# बाबू शिवनाथ अग्रवाल स्नातकोत्तर कॉलेज, मथुरा

संबद्धता

**डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा**
**(पूर्ववर्ती – आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)**

**Contacts**

| | | |
|---|---|---|
| College Website | : | http://bsapgcollege.ac.in |
| Student Portal | : | https://admission.bsapgcollege.co.in |
| E-Mail Id | : | infobsapgcollege@gmail.com |
| University Website | : | https://dbrau.ac.in |
| Samarth Portal | : | https://dbrauadm.samarth.edu.in |
| Contact No. | : | +91-92581-00674 |

# विवरणिका 2025-26

**(सूचना पुस्तिका)**

**प्रो. (डॉ.) ललित मोहन शर्मा**
**प्राचार्य**

## अनुक्रमणिका


| | | |
|---|---|---|
| 1. | इतिहास और उपलब्धियाँ | 4 |
| 2. | प्रचार्य संदेश | 6 |
| 3. | पाठ्यक्रमों की मान्यता | 8 |
| 4. | महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों का विवरण | 10 |
| 5. | शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए पंजीकरण दिशा-निर्देश | 13 |
| 6. | सत्र 2025 - 26 में स्नातक एवं परास्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश और पाठ्यक्रम संरचना | 16 |
| 7. | चार वर्षीय स्नातक योजना का सरलीकृत चार्ट | 18 |
| 8. | सभी सेमेस्टरों के लिए एनईपी की समग्र योजना | 19 |
| 9. | UG (स्नातक) व PG (स्नातकोत्तर) पाठ्यक्रमों में ऑन लाइन प्रवेश प्रक्रिया | 20 |
| | विश्वविद्यालय द्वारा संशोधित प्रवेश नियमावली के अनुसार शैक्षिक अंको की गणना | 21 |
| | अतिरिक्त अंक | 21 |
| 10. | प्रवेश समिति | 24 |
| 11. | महाविद्यालय द्वारा प्रदत्त सुविधाएं | 25 |
| | अनुसंधान | 25 |
| | पुस्तकालय | 25 |
| | राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) | 26 |
| | राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) | 26 |
| | रोवर्स रेंजर्स | 27 |
| | खेलकूद | 27 |
| | सांस्कृतिक गतिविधियाँ | 28 |
| | चरित्र प्रमाण पत्र, टी.सी. और प्रशंसापत्र | 28 |
| | गरीब छात्रों के लिए छात्रवृत्ति | 28 |
| | पुरस्कार और छात्रवृत्तियाँ | 29 |
| | विश्वविद्यालय में महाविद्यालय के मेधावी छात्र | 29 |
| | प्रशासनिक सेवाओं (IAS/PCS) की तैयारी हेतु विशेष पहल | 30 |
| | 1. Administrative Services Mentorship Program (ASMP) | 30 |
| | 2. अभ्युदय योजना | 31 |
| | शैक्षणिक एवं भ्रमण कार्यक्रम | 31 |
| | छात्रावास | 31 |
| | अभिभावक संघ | 31 |
| | ओरिएंटेशन प्रोग्राम | 32 |
| | नवनिर्मित आधुनिक अध्ययन का केंद्र | 32 |
| 12. | सभी छात्रों के लिए आचरण और अनुशासन के नियम | 33 |
| 13. | महत्वपूर्ण प्रावधान | 34 |
| 14. | संकाय सदस्य | 35 |
| | कार्यालय कर्मचारी (नियमित) | 41 |
| | पुस्तकालय कर्मचारी (नियमित) | 42 |
| | प्रयोगशाला कर्मचारी (नियमित) | 42 |

| | | |
|---|---|---|
| | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी (नियमित) | 42 |
| 16. | शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए शुल्क वापसी नीति | 44 |
| 17. | इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय | 45 |
| 18. | अभिभावकों से ... | 47 |


## ‘डिजिटल नोटिस बोर्ड’ के लिए क्यूआर कोड

(इसे वेब ब्राउज़र में स्कैन करें और नोटिस बोर्ड पर जाने के लिए लिंक पर क्लिक करें)

B S A PG College Mathura

WhatsApp channel

# इतिहास और उपलब्धियाँ

**"एक संस्थान को ज्ञान के मंदिर के रूप में जाना जाता है और यह वह स्थान है जहां न केवल देश के विभिन्न हिस्सों से बल्कि विदेशों से भी छात्र अपने कौशल, ज्ञान और अपने व्यक्तित्व के समग्र विकास के लिए आते हैं, संयम, धैर्य, समर्पण और अनुशासन जो छात्रों के व्यक्तित्व की पहचान हैं। हमारे राष्ट्र के विकास के अभिन्न अंग के रूप में शिक्षा को उच्च प्राथमिकता दी जाती है।"**

बी.एस.ए. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मथुरा भगवान श्री कृष्ण की जन्म स्थली से लगभग एक किलोमीटर, बस स्टैंड से 500 मीटर, रेलवे स्टेशन से एक किलोमीटर दूर एवं मथुरा शहर के बीचों बीच स्थित है। भगवान कृष्ण की जन्मस्थली मथुरा भारत के सबसे धार्मिक स्थलों में से एक है, क्योंकि यह "बृजक्षेत्र" की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से संपन्न है।

बी.एस.ए. स्नातकोत्तर महाविद्यालय मथुरा की स्थापना बाबू शिवनाथ जी के द्वारा 22 दिसम्बर, 1956 में 32 एकड़ भूमि व 1.5 लाख धनराशि दान देकर की गई थी। बाबू शिवनाथ जी ने समाज के जिन विशिष्ट महानुभावों, बुजुर्गों, समाज सेवियों और सज्जन व्यक्तियों के साथ मिलकर इस महाविद्यालय की स्थापना की, वे सभी गोलोक वासी हो गए। बाबू शिवनाथ जी के जीवनकाल में जहां बहुत उपलब्धियां हासिल हुई, वहीं कालान्तर में उसमें बहुत उतार चढ़ाव एवं परिवर्तन आये। तब से आज तक यह महाविद्यालय अपने गरिमामयी इतिहास को प्राप्त हो रहा है। बाबू शिवनाथ जी मूलतः अमरावती (महाराष्ट्र) से थे परन्तु ब्रज प्रेम की वजह से अपनी व्यावसायिक आय से इस संस्था की स्थापना की।

बी.एस.ए. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सन् 1958 में प्रथम बार महाविद्यालय को बी.एस.सी. भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं गणित के साथ कालान्तर में विभिन्न विषयों में एम.एस.सी., एल.एल.बी., बी.ए., एम.ए., बी.एड., सहित अन्य विषयों को भी आगरा विश्वविद्यालय, आगरा से मान्यता प्राप्त हुई, तब से आज तक विभिन्न पाठ्यक्रम महाविद्यालय में संचालित हो रहे हैं।

वर्तमान में बी.एस.ए. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रम के अन्तर्गत बी.ए., बी.एस.सी., बी.कॉम., एल एल.बी., बी.ए.एल एल.बी., बी.बी.ए., बी.एड., बी.सी.ए. एवं बी.पी.ई.एस., स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के अन्तर्गत एम.ए., (समाजशास्त्र, संस्कृत, हिंदी, अंग्रेजी, भूगोल, अर्थशास्त्र और राजनीति विज्ञान), एम.एस.सी., (भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान, सांख्यिकी, कंप्यूटर साइंस और माइक्रोबायोलॉजी), एम.एड, आदि पाठ्यक्रम संचालित हैं।

1958 में स्थापित, बी.एस.ए. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मथुरा डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा (पूर्व में, आगरा विश्वविद्यालय, आगरा) से संबद्ध है और अपनी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और बुनियादी ढांचे के लिए जाना जाता है। यह कॉलेज उत्तरी भारत के सर्वश्रेष्ठ संस्थानों में से एक है जो कला, विज्ञान, वाणिज्य, शिक्षा, कानून, प्रबंधन और कंप्यूटर अनुप्रयोगों जैसे सभी संकायों में स्नातक और स्नातकोत्तर शिक्षा प्रदान करता है। इसका गौरवशाली इतिहास देश के शीर्ष उद्योगपतियों, प्रशासनिक अधिकारियों, राजनेताओं, शिक्षाविदों, पेशेवरों, न्यायाधीशों और एथलीटों के साथ बोलता है।

महाविद्यालय में विभिन्न विषयों में शोध की सुविधा उपलब्ध है। वर्तमान में अनुमानित 10000 छात्र-छात्राएं महाविद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहें हैं।

महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप अध्ययन कक्षों की उचित व्यवस्था, सभी संसाधनों से युक्त प्रयोगशालाएँ, कंप्यूटर प्रयोगशाला की व्यवस्था, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन हेतु सभी संसाधनों की व्यवस्था महाविद्यालय में कराई जा चुकी हैं। अध्यापन हेतु विद्वान प्राध्यापक, प्रशिक्षित प्रयोगशाला सहायक कार्यरत हैं। महाविद्यालय में पठन पाठन हेतु उचित व्यवस्था है तथा छात्र छात्राओं के लिए महाविद्यालय के केन्द्रीय पुस्तकालय में पाठ्यक्रम से सम्बन्धित, सामान्य ज्ञान, छात्रों के ज्ञानवर्धन हेतु समाचार पत्र - पत्रिकायें महाविद्यालय में उपलब्ध हैं। महाविद्यालय में पाठ्यक्रम सम्बन्धी क्रिया - कलापों के अतिरिक्त विभिन्न प्रकार की पाठ्य सहगामी क्रियाएं जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम, सेमिनार, वर्कशॉप, वाद-विवाद प्रतियोगिता, विचार गोष्ठी, प्रश्न मंच, विभिन्न महापुरूषों के जन्मदिवस, सामाजिक उत्सव आदि आयोजित किए जाते हैं।





महाविद्यालय में माह नवम्बर 2021 से छात्र छात्राओं के खेलकूद हेतु विभिन्न प्रकार की सुविधाएं भी उपलब्ध हैं जैसे टेबल टेनिस, लॉन टेनिस, क्रिकेट, हॉकी, कुश्ती, कबड्डी बैडमिंटन के लिए हरे भरे क्रीडांगन, उद्यान आदि हैं। महाविद्यालय में छात्र छात्राओं के लिए एन.एस.एस., एन.सी.सी., स्काउटिंग-गाइडिंग, रोवर-रेंजर, योग प्रशिक्षण आदि गतिविधियाँ समयानुसार संचालित कराई जाती है। जिसमें छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं पदक प्रदान किए जाते हैं। प्रमाण पत्रों से छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा एवं नौकरी में क्रमशः प्रवेश एवं पदोन्नति का लाभ मिलता है। वर्तमान सत्र में बी.एस.ए. कॉलेज मथुरा के छात्र - छात्राओं ने विश्वविद्यालयी स्तर पर अच्छे अंक प्राप्त कर स्वर्ण पदक, रजत पदक एवं कांस्य पदक प्राप्त किए। इसके अतिरिक्त छात्र-छात्राओं ने खेलकूद के क्षेत्र में अन्तर महाविद्यालयी प्रतियोगिताओं, राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में सहभागिता द्वारा उच्च पदक प्राप्त करते हुए महाविद्यालय का नाम उज्जवल किया है।

महाविद्यालय में छात्र - छात्राओं की अध्ययन के प्रति जागरूकता के आधार पर विभिन्न कक्षाओं एवं विषयों में कैम्पस साक्षात्कार तथा प्लेसमेंट की व्यवस्था जनवरी 2022 से प्रारम्भ हो गई है जिसके माध्यम से विभिन्न छात्र-छात्राओं का योग्यता के अनुरूप उच्च पैकेज पर चयन हुआ है। छात्र-छात्राओं की समस्याओं के निवारण हेतु मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला प्रकोष्ठ की व्यवस्था की गयी है।

उत्तर प्रदेश शासन की महत्वकांक्षी योजना मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत महाविद्यालय परिसर में सिविल सर्विसेज, पी.सी.एस., एन.डी.ए., नीट, आई.आई.टी. जेई आदि की निःशुल्क कोचिंग कक्षाएँ संचालित की जा रही हैं।

महाविद्यालय में बी.एड./एम.एड. में अध्ययनरत छात्र- छात्राओं के लिए निःशुल्क यू.पी. टैट, सी. टैट, कोचिंग की व्यवस्था इस वर्ष से प्रारम्भ कर दी गई है जिसके माध्यम से छात्र-छात्रायें प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत विभिन्न विद्यालय में शिक्षक पद हेतु परीक्षायें उत्तीर्ण कर सकें।

महाविद्यालय में प्रथम बार 22 दिसम्बर 2021 को इस संस्था के संस्थापक परम पूज्य दानवीर बाबू शिवनाथ जी का जन्म दिवस स्थापना दिवस के रूप मे मनाया गया, जिसमें महाविद्यालय से अवकाश प्राप्त कर चुके प्राचार्यों, शिक्षकगणों का सम्मान करते हुए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया और लगभग 800 सम्माननीय शिक्षकों, कर्मचारियों अतिथियों ने प्रीतिभोज द्वारा इस दिवस को यादगार बना दिया।

विधि संकाय के छात्र - छात्राओं के लिए मूट कोर्ट एवं यूथ पार्लियामेन्ट कार्यक्रमों की व्यवस्था भी प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त छात्र छात्राओं के लिए लीगल टूर की व्यवस्था भी प्रदान की गयी है जिसके माध्यम से उन्हे माननीय उच्च न्यायालय एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय में मुकदमे से सम्बन्धित सुनवाई को देखने का अवसर मिलता है। जन्तु विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान के स्नातकोत्तर के छात्र छात्राओं के पाठ्यक्रम के अन्तर्गत शैक्षिक भ्रमण के अनुरूप उन्हे समुद्रतटीय एवं पर्वतीय क्षेत्रों के विभिन्न फ्लोरा एवं फौना से अवगत कराया जाता है।

महाविद्यालय में इन्दिरा गाँधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी द्वारा संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में छात्र-छात्राओं को प्रवेश लेने एवं डिग्री प्राप्त करने का भी अवसर प्रदान किया जाता है।

इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में शुद्ध आरओ पेयजल एवं निर्बाध बिजली की व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित है।

महाविद्यालय का महती उद्देश्य वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी बाजार में सहस्राब्दी की आवश्यकताओं के अनुरूप उच्च शिक्षा हेतु शीर्ष स्तर की सुविधाएं प्रदान करना है एवं इस दृष्टिकोण के साथ, कॉलेज अत्याधुनिक उपकरणों के साथ सबसे आधुनिक प्रयोगशालाओं की स्थापना के लिए समर्पित है और सांस्कृतिक और पाठ्येतर गतिविधियों के लिए व्यापक कार्यक्रमों के साथ-साथ कक्षा शिक्षण, व्यावहारिक प्रदर्शन, औद्योगिक दौरे, क्षेत्र दौरे, पेशेवर प्रशिक्षण और कैरियर विकास कार्यक्रमों के उचित मिश्रण द्वारा छात्रों को शीर्ष स्तर की शिक्षा प्रदान कर रहा है।

# प्राचार्य संदेश

**"जहाँ विद्या से विनय उत्पन्न हो, ज्ञान से विवेक जागृत हो, और संस्कार से राष्ट्र निर्माण का पथ प्रशस्त हो – वहीं होता है एक आदर्श शिक्षण संस्थान।"**

राष्ट्र निर्माण का आधार न तो केवल अर्थव्यवस्था होती है, न ही केवल विज्ञान की उन्नति; उसका मूल आत्मा उसके शिक्षण संस्थान होते हैं, जो आने वाली पीढ़ी को दिशा, दृष्टि और चरित्र प्रदान करते हैं। राष्ट्र के वास्तविक देवालय उसके शिक्षण संस्थान हैं जहाँ राष्ट्र की भावी पीढ़ी का निर्माण बालकों में सर्वोच्च जीवन मूल्य विकसित करके किया जाता है। सामान्य अर्थो में शिक्षा के बिना व्यक्ति पशु समान होता है। वह शिक्षा ही है जो व्यक्ति को व्यक्ति से मनुष्य बनाती है अतः मानवीय विकास एवं राष्ट्र की समुन्नति के ध्येय से संचालित ऐसे सभी शिक्षण संस्थान सदैव वंदनीय एवं पूज्यनीय हैं। ऐसे ही शिक्षण तीर्थों में बाबू शिवनाथ अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मथुरा का स्थान न केवल उत्तर प्रदेश में, अपितु सम्पूर्ण राष्ट्र में विशिष्ट और वंदनीय है।

योगीराज कृष्ण की क्रीड़ा स्थली में उन्हीं के जन्मस्थान के समीप स्थित बाबू शिवनाथ अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रदेश के ही नहीं अपितु देश के ऐसे ही शिक्षण संस्थानों में अपना अद्वितीय स्थान रखता है। ब्रज की पुण्यभूमि पर स्थित इस संस्थान की नींव स्वयं एक महान दानवीर, बाबू शिवनाथ जी द्वारा सन् 1956 में रखी गई, जब उन्होंने अमरावती (महाराष्ट्र) से आकर मथुरा शहर के मध्य में लगभग 32 एकड़ भूमि दान में दी। यह दान केवल एक भू-खंड नहीं था, यह था ब्रजवासियों के प्रति उनका अगाध प्रेम, आस्था, भविष्यदर्शिता का प्रतीक एवं ब्रज क्षेत्र के युवाओं के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, आध्यात्मिक विकास हेतु, दूरदृष्टि का प्रकाश पुंज है। गीता में अर्जुन को "योगः कर्मेसु कौशलम" की शिक्षाप्रदान करने वाले भगवान श्रीकृष्ण की भूमि पर जन्म लेना बड़े भाग्य की बात है किंतु इसी भूमि पर दानवीर बाबू शिवनाथ अग्रवाल जी के अक्षय कीर्ति स्तम्भ बी.एस.ए. स्नातकोत्तर कॉलेज, मथुरा की सेवा करना परम सौभाग्य का विषय है। व्यक्ति कभी भी माता-पिता, गुरु व गुरुकुल से कदापि उऋण नहीं हो सकता किन्तु परमपिता परमात्मा ने मुझे इस महाविद्यालय की सेवा करने का अवसर प्रदान किया है |

यह महाविद्यालय केवल एक शैक्षणिक संस्था नहीं है, यह एक संस्कार यज्ञ है जहाँ विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक विकास के लिए एक आदर्श परिवेश निर्मित किया गया है। यहाँ अध्ययन करना केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि स्वयं को गढ़ना है—एक उत्तम नागरिक, एक जागरूक मानव, एक कर्तव्यनिष्ठ राष्ट्रसेवक बनने की दिशा में प्रथम पग है।

मैं स्वयं इस महाविद्यालय का पूर्व छात्र हूँ। पाँच वर्षों तक यहाँ शिक्षा ग्रहण करना मेरे जीवन की अमूल्य निधि रही है और परमपिता परमेश्वर की कृपा से मुझे इसी संस्थान की सेवा का सौभाग्य भी प्राप्त हुआ। दिनांक 30 अक्टूबर 2021 को जब मैंने प्राचार्य पद का कार्यभार ग्रहण किया, तब मैंने एक ही संकल्प लिया—कि मैं इस महाविद्यालय को केवल दीवारों का समूह नहीं, बल्कि विचारों, मूल्यों, और नवाचारों का एक जीवंत केंद्र बनाऊँगा। प्रत्येक शिक्षण संस्थान का दायित्व केवल पुस्तकीय ज्ञान देना नहीं होता, बल्कि वह जीवन जीने की कला, संवेदनशीलता, नैतिकता और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व का बोध कराना होता है।

विगत तीन वर्षों में महाविद्यालय में अवस्थापना एवं अकादमिक विकास में महाविद्यालय परिवार के सभी प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने अतुलनीय श्रम एवं कौशल का प्रदर्शन किया है। महाविद्यालय को समाज की गणमान्य विभूतियों ने विभिन्न रूपों में जो सहयोग प्रदान किया है उसके प्रति मैं समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से हृदयानवत एवं आभारी हूँ।

जिला प्रशासन एवं विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा छात्रहितों में किए गये सहयोग के प्रति आभारी हैं, मथुरा-वृन्दावन नगर निगम के समस्त अधिकारियों एंव कर्मचारियों के महाविद्यालय के विकास एवं उत्थान में अप्रतिम सहयोग हेतु हृदय से कृतज्ञता प्रकट करता हूँ, उन सभी जनप्रतिनिधियों को भी नमन जिन्होंने विभिन्न स्वरूपों में महाविद्यालय को सहयोग प्रदान किया। बाबू शिवनाथ अग्रवाल जी की दीर्घ सोच का अवलम्ब बी.एस.ए. स्नातकोत्तर कॉलेज, मथुरा, महाविद्यालय में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक, एवं शैक्षणिक विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है। महाविद्यालय परिवार का प्रत्येक सदस्य अपनी संपूर्ण क्षमताओं एवं कौशल से छात्र-छात्राओं के स्वर्णिम भविष्य के निर्माण एवं महाविद्यालय के विकास में अपना अभूतपूर्व योगदान देंगे ऐसा मेरा विश्वास है।

प्रिय नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं, आपका यह प्रवेश केवल कक्षा में बैठने का अधिकार नहीं, बल्कि स्वयं को उत्कृष्टता की ओर ढालने का अवसर है। यह संस्थान आपको न केवल ज्ञान देगा, बल्कि सही मार्गदर्शन, जीवन मूल्य और समाज के प्रति

उत्तरदायित्व का बोध भी कराएगा। आप सभी से मेरा आग्रह है—सपने बड़े देखो, सोच विस्तृत रखो और मेहनत निःस्वार्थ करो। इस संस्था की परंपरा को आगे बढ़ाओ, उसके गौरव को और ऊँचाइयों तक ले जाओ। शिक्षा के प्रत्येक क्षण को आत्मसात करो, और अपने भीतर के श्रेष्ठतम को जागृत करो।

आज जब हम सत्र 2025-26 के प्रवेश द्वार पर खड़े हैं, मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि यह वर्ष हम सभी के लिए सृजनात्मकता, शांति, प्रगति और प्रेरणा से भरपूर हो। बी.एस.ए. (पी.जी.) कॉलेज, मथुरा का प्रत्येक विद्यार्थी – चाहे वह विज्ञान, कला, वाणिज्य या किसी भी संकाय से हो – अपने क्षेत्र में नित नई ऊँचाइयों को छुए, यही मेरी शुभेच्छा है। महाविद्यालय का प्रत्येक प्राध्यापक विद्यार्थियों के प्रति संतान भाव रखते हुए प्रवेशित छात्र-छात्रा, कर्मचारियों एवं प्राध्यापगणो को सत्र 2025-26 की हार्दिक शुभकामनांए देता हूँ।

**"शिक्षा वह शस्त्र है जिससे हम भविष्य को गढ़ सकते हैं। आओ, हम सब मिलकर उज्ज्वल भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएँ।"**

**प्रो. (डॉ.) ललित मोहन शर्मा**
**प्राचार्य**
**बाबू शिवनाथ अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मथुरा ।**

## ‘डिजिटल नोटिस बोर्ड’ के लिए क्यूआर कोड

(इसे वेब ब्राउज़र में स्कैन करें और नोटिस बोर्ड पर जाने के लिए लिंक पर क्लिक करें)

B S A PG College Mathura
WhatsApp channel

## पाठ्यक्रमों की मान्यता

कॉलेज को विज्ञान, कला, कानून, शिक्षा, प्रबंधन, वाणिज्य, कंप्यूटर अनुप्रयोग और अन्य संकायों में मान्यता प्राप्त है जैसा कि निम्नलिखित तालिका में दिखाया गया है:

| S.No. | Course | Subject | Year of Recognition |
|---|---|---|---|
| 1. | B.Sc. | Physics, Chemistry, Maths, Economics, Statistics, General English. | 1958 |
| 2. | B.Sc. | Geography | 1959 |
| 3. | LL.B. | Three Year Course (All Compulsory/Optional Papers) | 1960 |
| 4. | B.Sc. | Zoology & Botany | 1961 |
| 5. | B.A. | General English, General Hindi, English Literature, Hindi Literature, Political Science, Economics & Geography. | 1961 |
| 6. | B.A. | Sociology | 1965 |
| 7. | M.A. | Maths | 1965 |
| 8. | M.Sc. | Physics & Maths | 1965 |
| 9. | M.Sc. | Chemistry | 1966 |
| 10. | B.A. | Sanskrit | 1972 |
| 11. | M.A. | Sociology | 1972 |
| 12. | M.A. | Sanskrit | 1978 |
| 13. | M.Sc. | Zoology & Botany | 1982 |
| 14. | B.Ed. | Bachelor of Education | 1992 |
| 15. | P.G. Diploma in Computer Programming | | 1992 |
| 16. | B.Sc. | Computer Science, Industrial Chemistry, and Industrial Microbiology | 1997 |
| 17. | B.B.A. | Bachelor of Business Administration | 1998 |
| 18. | P.G. Diploma in Journalism | | 1999 |
| 19. | P.G. Diploma in Computer Application and Office Management | | 2000 |
| 20. | P.G. Diploma in Business Management | | 2000 |
| 21. | B.Com. | E. Commerce | 2001 |
| 22. | M.Sc. | Statistics | 2001 |
| 23. | B.Com. | (English Medium) | 2002 |
| 24. | B.A. LL.B. | (Five Year Course) | 2003 |
| 25. | M.Ed. | Master of Education | 2003 |
| 26. | B. Lib. & Information Science | | 2008 |
| 27. | M.Sc. | Microbiology | 2008 |
| 28. | M.Com. | Business Administration, Applied Business Economics, and, Accounts & Law | 2008 |
| 29. | B.C.A. | Bachelor of Computer Applications | 2023 |
| 30. | B.P.E.S. | Bachelor of Physical Education & Sports | 2023 |
| 31. | B.B.A. | Bachelor of Business Administration (Extended 120 Seats) | 2023 |
| 32. | M.Sc. | Computer Science | 2024 |
| 33. | B.A. | Philosophy, Psychology, History, Music & Education | 2024 |
| 34. | M.A. | English, Hindi, Political Science, Economics & Geography | 2024 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 35. | M.Lib. | Master of Library Science | Under Process |
| 36. | LL.M. | Master of Laws | Under Process |

## ‘डिजिटल नोटिस बोर्ड’ के लिए क्यूआर कोड

(इसे वेब ब्राउज़र में स्कैन करें और नोटिस बोर्ड पर जाने के लिए लिंक पर क्लिक करें)







# महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों का विवरण

## विज्ञान संकाय

**Bachelor of Science (B.Sc.)** **No. of Seats : 680**

| क्र.सं. | पाठ्यक्रम समूह | विषय संयोजन | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | **बी.एस.सी. (PCM)** | भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित | इंटर (गणित) |
| 2. | **बी.एस.सी. (ZBC)** | प्राणि विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान | इंटर (जीव विज्ञान) |
| 3. | **बी.एस.सी. (CS)** | कंप्यूटर विज्ञान, गणित, सांख्यिकी | इंटर (गणित) |
| 4. | **बी.एस.सी. (IMB)** | औद्योगिक माइक्रोबायोलॉजी, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान | इंटर (जीव विज्ञान) |
| 5. | **बी.एस.सी. (IC)** | औद्योगिक रसायन विज्ञान, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान/गणित | इंटर (गणित/ जीव विज्ञान) |

**Master of Science (M.Sc.)** **No. of Seats : 337**

| क्र.सं. | संचालित पाठ्यक्रम | योग्यता |
|---|---|---|
| 1. | एम.एस.सी. (गणित) | स्नातक (गणित) |
| 2. | एम.एस.सी. (भौतिकी) | स्नातक (भौतिकी) |
| 3. | एम.एस.सी. (रसायन विज्ञान) | स्नातक (रसायन विज्ञान) |
| 4. | एम.एस.सी. (वनस्पति विज्ञान) | स्नातक (वनस्पति विज्ञान) |
| 5. | एम.एस.सी. (प्राणी शास्त्र) | स्नातक (प्राणी शास्त्र) |
| 6. | एम.एस.सी. (माइक्रोबायोलॉजी) | स्नातक (वनस्पति विज्ञान / माइक्रोबायोलॉजी) |
| 7. | एम.एस.सी. (सांख्यिकी) | स्नातक (सांख्यिकी / गणित) |
| 8. | एम.एस.सी. (कम्प्यूटर विज्ञान) | स्नातक (कम्प्यूटर विज्ञान) |

## कला एवं मानविकी संकाय

**Bachelor of Arts (B.A.)** **No. of Seats : 840**

| क्र.सं. | पाठ्यक्रम समूह | प्रस्तावित विषय | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | **Group 1** | **भाषा:**<br>हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत<br>**मानविकी और सामाजिक विज्ञान:**<br>भूगोल, गणित, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, शारीरिक शिक्षा | इंटर |
| 2. | **Group 2** | **मानविकी और सामाजिक विज्ञान:**<br>संगीत, इतिहास, मनोविज्ञान, शिक्षा शास्त्र, दर्शन शास्त्र | इंटर |

**नोट :** जो विद्यार्थी सत्र 2025-26 में बी०ए० प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेना चाहते हैं उन्हें ग्रुप-1 में दिये गये विषयों में से 1 विषय मेजर विषय के रूप में एवं ग्रुप-2 में दिये गये विषयों में से 1 विषय मेजर विषय के रूप में चुनना अनिवार्य है।

**विषयों के चयन हेतु अनिवार्यता:**

1. तीनों साहित्य हिन्दी, संस्कृत तथा अंग्रेजी एक साथ नहीं लिये जा सकते हैं।

2. संगीत (Music) विषय के साथ तीनों साहित्य हिन्दी, संस्कृत तथा अंग्रेजी में एक विषय लेना अनिवार्य है।

**Master of Arts (M.A.)** **No. of Seats : 420**

| क्र.सं. | संचालित पाठ्यक्रम | योग्यता |
|---|---|---|
| 1. | एम.ए. (हिंदी) | स्नातक |
| 2. | एम.ए. (अंग्रेजी) | स्नातक |
| 3. | एम.ए. (संस्कृत) | स्नातक |
| 4. | एम.ए. (समाजशास्त्र) | स्नातक |
| 5. | एम.ए. (राजनीति विज्ञान) | स्नातक |
| 6. | एम.ए. (भूगोल) | स्नातक |
| 7. | एम.ए. (अर्थशास्त्र) | स्नातक |

## वाणिज्य संकाय

**वाणिज्य स्नातक (बी.कॉम.)** **No. of Seats : 360**

| क्र.सं. | संचालित पाठ्यक्रम | योग्यता |
|---|---|---|
| 1. | वाणिज्य स्नातक (बी.कॉम.) | इंटर |

**मास्टर ऑफ कॉमर्स (एम.कॉम.)** **No. of Seats : 90**

| क्र.सं. | संचालित पाठ्यक्रम | योग्यता |
|---|---|---|
| 1. | बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन | स्नातक (वाणिज्य) |
| 2. | अकाउंट्स एंड लॉ | |
| 3. | एप्लाइड बिजनेस इकोनॉमिक्स | |

## विधि संकाय

| क्र.सं. | संचालित पाठ्यक्रम | सीटों की सं. | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | बी.ए.एल.एल.बी. | 180 | इंटर |
| 2. | एल.एल.बी. | 240 | स्नातक |

## शिक्षा संकाय

| क्र.सं. | संचालित पाठ्यक्रम | सीटों की सं. | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | शिक्षा स्नातक (बी.एड.) | 150 | स्नातक |
| 2. | एम.एड. | 50 | बी.एड. |

## व्यावसायिक अध्ययन संकाय

| क्र.सं. | संचालित पाठ्यक्रम | सीटों की सं. | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | बैचलर ऑफ कंप्यूटर ऍप्लिकेशन्स (बी.सी.ए.) | 120 | इंटर |
| 2. | बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बी.बी.ए.) | 180 | इंटर |
| 3. | बैचलर ऑफ इलेक्ट्रॉनिक कॉमर्स (बी. ई-कॉम.) | 60 | इंटर |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **4.** | बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स (बी.पी.ई.एस.) | **60** | इंटर |

## सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम

| क्र.सं. | संचालित पाठ्यक्रम | सीटों की सं. | योग्यता |
|---|---|---|---|
| **1.** | B. Lib. & Information Science | 30 | स्नातक |
| **2.** | P.G. Diploma in Computer Programming | 30 | स्नातक |
| **3.** | P.G. Diploma in Journalism | 50 | स्नातक |
| **4.** | P.G. Diploma in Computer Application & Office Management | 30 | स्नातक |
| **5.** | P.G. Diploma in Business Management | 30 | स्नातक |

## 'डिजिटल नोटिस बोर्ड' के लिए क्यूआर कोड

(इसे वेब ब्राउज़र में स्कैन करें और नोटिस बोर्ड पर जाने के लिए लिंक पर क्लिक करें)

B S A PG College Mathura

WhatsApp channel

# शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए पंजीकरण दिशा-निर्देश

1. प्रथम सेमेस्टर में सभी प्रवेश समर्थ पोर्टल के माध्यम से ही होगें। सभी विद्यार्थियों के पास प्रवेश से पहले APAAR ID/ABC ID, Aadhar Card, Active Email Id, and Working Mobile No. होना आवश्यक है।
2. सभी विद्यार्थियों यह सुनिश्चित कर ले की उनकी जन्मतिथि आधार कार्ड और अपार आईडी/एबीसी आईडी में एक सामान हैं, इसमें कोई भी अंतर नहीं है।
3. शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र को भरने के लिए विश्वद्यिालय की वेबसाइट **https://dbrauadm.samarth.edu.in** पर समर्थ पोर्टल के Admission 2025-26 के लिंक पर क्लिक करें। विश्वविद्यालय के आवासीय संस्थानों/विभागों व विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय में प्रवेश समर्थ पोर्टल के माध्यम से ही होगें।
4. प्रवेश प्रक्रिया के 7: चरण हैः
   4.1 सर्वप्रथम छात्र/छात्रा समर्थ पोर्टल के **Admission 2025-26** पर अपना पंजीकरण करेगा।
   नाम,
   जन्मतिथि, (**जन्मतिथि आधार कार्ड और अपार आईडी/एबीसी आईडी में एक सामान होनी चाहिए**)
   ई०मेल० आई०डी०
   मोबाईल न०
   पंजीकरण के समय छात्र द्वारा अपने निम्न दस्तावेज अपलोड किये जायेंगें।
   10 अंकपत्र
   12 अंकपत्र
   स्नातक (यदि स्नातकोत्तर में प्रवेश लेना हो तब)
   4.2 पंजीकरण के बाद छात्र/छात्राओं को सत्र 2025-26 हेतु समर्थ आई0डी0 (SRN) प्राप्त होगी। जिसके द्वारा छात्र/छात्रा लॉगिन करके विस्तृत फॉर्म भरेंगें।
   4.3 छात्र लॉगिन करने के बाद अपनी **Complete Profile** पर **click** करेगा। इसके उपरान्त छात्र का फॉर्म खुलने जिसमें छात्र द्वारा समस्त जानकारी भरी जायेगी और उसके बाद **Apply Now** पर **Click** करना होगा।
   4.4 लॉगिन करने के बाद समर्थ वेब-रजिस्ट्रेशन का फार्म खुलेगा। इसके पश्चात छात्र/छात्राऐं अपनी निजी जानकारी भरेगा।
   4.5 इसके पश्चात् छात्र/छात्राऐं अपना अन्य विवरण भरेगें। (एन०सी०सी० व एन०एस०एस० जैसी जानकारी भरेगा)
   4.6 इसके उपरांत छात्र/छात्राऐं अपना फोटो व हस्ताक्षर अपलोड करेगें।
   4.7 विश्वविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम व सम्बद्ध महाविद्यालयों की सूची अब उपलब्ध होगी। जहाँ अभ्यर्थी अपनी शैक्षणिक योग्यता तथा अपनी अर्हता अनुसार **पाठ्यक्रम (Programme)** का चयन करेगा।
5. **Programme योग्यता के अनुसार चयन करने के बाद छात्र/छात्राऐं महाविद्यालय की सूची में से बी.एस.ए. कॉलेज, मथुरा (017) का चयन करेगें। जहाँ उसको प्रवेश हेतु रिपोर्ट करना होगा।**
6. फार्म पूर्ण होने के बाद छात्र/छात्रा ध्यानपूर्वक **Submit & Lock** बटन पर क्लिक करेगा।
7. फार्म भरने के बाद निर्धारित शुल्क ऑनलाइन माध्यम से जमा करेगा तथा उसकी रसीद डाउनलोड करके अपने पास सुरक्षित रखेगा। स्नातक एवं परास्नातक स्तर पर रू० 400 शुल्क देय होगा। **समर्थ रजिस्ट्रेशन नंबर (SRN)** अपने पास सुरक्षित रखेगा।
8. यदि किसी विद्यार्थी का पूर्व में ही समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण (जैसे-वी०ए०, बी०एस०सी०, बी०कॉम० व अन्य पाठ्यक्रमों) है और वह इसी विश्वविद्यालय के आवासीय सम्बद्ध महाविद्यालय के किसी पाठ्यक्रम (स्नातक/परास्नातक पाठ्यक्रम) में प्रवेश लेता है तो वह अपनी समर्थ पंजीकरण संख्या से लॉगिन करके अपने नये पाठ्यक्रम के लिए समर्थ रजिस्ट्रेशन नंबर (SRN) प्राप्त कर सकता है।

9. अभ्यर्थी फार्म को सबमिट करने के बाद उसका प्रिन्ट आउट निकाल कर सुरक्षित रखेगा एवं इसको लेकर **बी.एस.ए. कॉलेज, मथुरा** में सम्पर्क करेगा।
10. अभ्यर्थी को महाविद्यालय में अपने समर्थ पोर्टल रजिस्ट्रेशन की फोटोकॉपी जमा कर महाविद्यालय का प्रॉस्पेक्टस तथा ऑनलाइन आवेदन फॉर्म की लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त करेगा। इसी समय विद्यार्थी महाविद्यालय में अपना रजिस्ट्रेशन शुल्क भी जमा करेगा।
11. ऑनलाइन आवेदन फॉर्म (**https://admission.bsapgcollege.co.in**) पर भरने के पश्चात विद्यार्थी काउंसलिंग की प्रतीक्षा करेंगें।
12. सभी प्रवेश विश्वद्यालय के नियमानुसार मेरिट के आधार पर होंगे. समय पर उपस्थित ना होने पर मेरिट का दावा समाप्त मानते हुए अन्य योग्य विद्यार्थी को प्रवेश दे दिया जाएगा।
13. काउंसलिंग की तारीख और समय विश्वविद्यालय द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया के साथ-साथ महाविद्यालय के **नोटिस बोर्ड** पर, **वेबसाइट** (**https://bsapgcollege.ac.in**) पर भी प्रदर्शित की जाएगी एवं **SMS** द्वारा अभ्यर्थी को सूचित किया जायेगा। किसी भी चयनित उम्मीदवार को डाक द्वारा कोई सूचना नहीं भेजी जाएगी।
14. मेरिट में नाम आने पर विद्यार्थी काउंसलिंग हेतु महाविद्यालय में उपस्थित होगा तथा मूल प्रमाणपत्र प्रस्तुत करेगा. इसके साथ निम्नांकित प्रपत्र की फोटो कॉपी भी जमा करेगा।
    - Samarth Registration Copy,
    - 10th and 12th marksheet Copy,
    - Adhar Card Copy,
    - TC and Character certificate (Original),
    - Newly formed reservation certificate (if applicable),
    - Certificate for extra marks (Army ward, NCC, NSS and sports etc.).
15. इसके पश्चात विद्यार्थी अपनी फीस जमा करेगा. फीस जमा करने के उपरान्त ही प्रवेश सुरक्षित माना जाएगा। यदि कोई विद्यार्थी निर्धारित समय में प्रवेश शुल्क जमा करने में विफल रहता है, तो उसकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी।
16. **छात्र/छात्राएं यह सुनिश्चित कर ले की फीस जमा करने के साथ ही उनका बायोमेट्रिक पंजीकरण एवं पहचान पत्र हेतु डाटा फीड हुआ है की नहीं अन्यथा की स्थित में छात्र/छात्राएं स्वयं जिम्मेदार होंगें।**
17. आरक्षण का लाभ चाहने वाले अभ्यर्थियों को नवीनतम जाति प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
18. उम्मीदवार विश्वविद्यालय के प्रावधानों के अनुसार कुछ अतिरिक्त अंकों के लिए दावा कर सकते हैं, जिनका विवरण पीछे मुद्रित है। अधिक जानकारी के लिए आप विश्वविद्यालय और कॉलेज की वेबसाइट पर भी देख सकते हैं।
19. आरक्षण विश्वविद्यालय एवं राज्य सरकार के नियमानुसार दिया जायेगा।
20. काउंसलिंग के समय किसी अभ्यर्थी को अस्वीकार करने का अधिकार कॉलेज के पास सुरक्षित है। प्रवेश एवं अनुशासन समिति की अनुशंसा पर महाविद्यालय प्रशासन द्वारा किसी भी प्रवेश को निरस्त किया जा सकता है।
21. महाविद्यालय में प्रवेश के संबंध में महाविद्यालय प्रशासन/प्रवेश समिति का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।
22. **विश्वविद्यालय की परीक्षा व सरकारी छात्रवृत्ति के लिए छात्रों को कम से कम 75% उपस्थिति अनिवार्य रूप से बनाए रखनी होगी**।
23. सभी छात्र/छात्राओं को कॉलेज के अनुशासन नियमों का कड़ाई से पालन करना होगा। उल्लंघन की स्थिति में कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। सभी छात्र/छात्राओं को निर्धारित यूनिफॉर्म में कॉलेज आना अनिवार्य है। पहचान पत्र (ID) साथ रखना आवश्यक है। कॉलेज में रैगिंग सख्त रूप से निषिद्ध है।
24. महाविद्यालय में प्रत्येक शनिवार के निश्चित कालांश सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोक नाट्य, ब्रज कला संस्कृति का प्रसार, व्यक्तित्व विकास, खेल कूद, व्यवसायिक विकास, राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत समाज सेवा इत्यादि हेतु सुनिश्चित किया गया है।
25. सत्र 2025-26 से सभी छात्र/छात्राओं को माह के एक दिन **राष्ट्रीय सेवा योजना** (NSS) के अंतर्गत सामाजिक एवं राष्ट्रीय चेतना का कार्य करना अनिवार्य होगा। चयनित छात्र/छात्राओं को **राष्ट्रीय सेवा योजना** (NSS) की मुख्य इकाई में शामिल कर प्रमाण पत्र प्रदान किए जायेंगे।

26. महाविद्यालय में प्रत्येक छात्र/छात्राओं का बिना यूनिफार्म एवं बिना पहचान पत्र (Id card) के प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा अतः कक्षा संचालन से पूर्व प्रत्येक छात्र/छात्राओं को सुनिश्चित करना होगा की निर्धारित यूनिफार्म एवं पहचान पत्र (Id card) है।
27. महाविद्यालय में सत्र 2025-26 से एंड्रॉयड मोबाइल फोन पूर्णतः प्रतिबंधित होगा। छात्र/छात्राएं उक्त फोन के स्थान पर कैमरा रहित कीपैड फोन का प्रयोग कर सकते हैं ।
28. महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं को कैंटीन में Phone Pay, G Pay, Google Pay एवं Online पेमेंट के विकल्प के तौर पर महाविद्यालय/कैंटीन के काउंटर से कूपन प्राप्त कर सकते हैं।
29. महाविद्यालय को सिंगल यूजेबल प्लास्टिक मुक्त घोषित किया गया है। अतः महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं द्वारा पॉलीथिन, गुटका, पान, तम्बाकू इत्यादि का प्रयोग प्रतिबंधित है। कोई भी छात्र/छात्रा उक्त पदार्थों का सेवन करते हुए पाए जाते हैं तो उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही होगी ।

## Uniform

**B.A., and M.A.**
**For Boys:** Shirt - White, Pants - Military Green
**For Girls:** Kurta - White, Salwar - White, Duptta - Military Green

**B.Sc., and M.Sc.**
**For Boys:** Shirt - White, Pants - Navy Blue
**For Girls:** Kurta - White, Salwar - White, Duptta – Navy Blue

**LL.B., and B.A. LL.B.**
**For Boys:** Shirt - White, Pants – Black, Tie – Black
**For Girls:** Kurta - White, Salwar – Black, Duptta – Black

**B.Com., and M.Com.**
**For Boys:** Shirt - White, Pants - Khaki
**For Girls:** Kurta - White, Salwar - White, Duptta – Khaki

**B.C.A., B.B.A. and B.E-Com.**
**For Boys:** Shirt – Light Blue Lineing, Pants - Navy Blue
**For Girls:** Kurta - Light Blue Lineing, Pants - Navy Blue, Tie – Dark Blue

**B.Ed., and M.Ed.**
**For Boys:** Shirt - White, Pants - Gray
**For Girls:** Saree - Gray

**B.P.E.S.**
**For Boys & Girls:** Sport Track Suit

**नोटः**

**शुल्क ऑनलाइन जमा करें। अथवा ऑफलाइन फीस केवल निर्धारित काउंटर पर ही जमा करें और रसीद प्राप्त करें। अगर कोई छात्र/छात्रा निर्धारित काउंटर के अतिरिक्त किसी अपरचित/महाविद्यालय के कर्मचारी के माध्यम से फीस जमा करतें हैं तो जिम्मेदारी स्वयं की होगी।**

# सत्र 2025 - 26 में स्नातक एवं परास्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश और पाठ्यक्रम संरचना

1. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के क्रम में स्नातक बी.ए./बी.एस.सी./बी.कॉम. स्तर पर एवं परास्नातक एम.ए., एम.एस.सी. एवं एम.कॉम., सेमेस्टर प्रणाली से किए जाऐगें।
2. एक शैक्षणिक सत्र में दो सेमेस्टर शामिल हैं।
3. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार स्नातक एवं परास्नातक स्तर पर बी.एस.ए. स्नातकोत्तर कॉलेज, मथुरा में त्रिवर्षीय स्नातक/चार वर्षीय स्नातक/ द्विवर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम उपलब्ध हैं ।

## त्रिवर्षीय स्नातक/चार वर्षीय स्नातक/ द्विवर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम/पाठ्यक्रमों की संरचना

- ये सभी व्यवस्थाएं सत्र 2025-26 से स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों पर ही लागू होंगी।
- यह व्यवस्था कला, विज्ञान, वाणिज्य आदि संकायों में त्रिवर्षीय बहुविषयक स्नातक तथा चार वर्षीय स्नातक (मानद व मानद शोध सहित) तथा बी.ए., बी.एस.सी. एवं बी.काम. तथा एकल विषय परास्नातक तथा एम.ए., एम.एस.सी., एम.काम. कार्यक्रमों में लागू होगी।
- त्रिवर्षीय एकल विषय स्नातक, स्नातक (आनर्स) यथा बी०एससी० (माइक्रोबायोलॉजी) इत्यादि तथा एकल विषयक/संकाय स्नातक तथा बी.सी.ए., बी.बी.ए., बी.एस.सी. (बायोटेक्नोलॉजी), बी.एस.सी. (केमिस्ट्री), बी.ए. (इकोनॉमिक्स) आदि कार्यक्रमों में भी लागू होगी।

## न्यूनतम सामान्य पाठ्यक्रम

- त्रिवर्षीय बहुविषयक स्नातक स्तर पर विभिन्न विषयों के न्यूनतम समान पाठयक्रम (Minimum Common Syllabus) पूर्व में ही उपलब्ध हैं। वह आगे भी लागू रहेंगे।
- चार वर्षीय स्नातक (FYUP) कोर्स का पाठ्यक्रम
  स्नातक के तीन वर्ष, एवं परास्नातक के प्रथम वर्ष को जोड़कर माना जायेगा
- प्रारम्भ में विद्यार्थी का प्रवेश तीन वर्ष की बहुविषयक स्नातक डिग्री हेतु होगा।
- चौथे वर्ष में विद्यार्थी चार वर्ष की
  1. स्नातक (मानद),
  2. स्नातक (मानद शोध सहित), एवं
  3. स्नातक (एप्रेन्टिसशिप एम्बेडिड) डिग्री

  में से किसी एक का चयन कर सकते हैं।

## शोध परियोजना

- स्नातक स्तर पर द्वितीय वर्ष (चतुर्थ सेमेस्टर) में विद्यार्थी अपने द्वारा चयनित दो मुख्य विषयों में से किसी एक विषय से संबंधित तीन क्रेडिट की एक शोध परियोजना करेगा।
- विद्यार्थी स्नातक स्तर पर द्वितीय वर्ष के पश्चात की गई शोध परियोजना की प्रोजेक्ट रिपोर्ट अपने विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में जमा करेगा।
- स्नातक (मानद शोध सहित) अथवा स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष के दोनों सेमेस्टर्स में विद्यार्थी चार-चार क्रेडिट के दो कोर्स के स्थान पर एक शोध परियोजना ले सकता है।
- यह शोध परियोजना एक सप्तम एवं एक अष्टम सेमेस्टर के थ्योरी कोर्स के स्थान पर लेनी होंगी ना कि किसी एक सेमेस्टर के दो कोर्स के स्थान पर।

- स्नातक चतुर्थ वर्ष में शोध सहित उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थी को स्नातक (मानद शोध सहित) की उपाधि दी जाएगी।
- स्नातक चतुर्थ वर्ष में बिना शोध परियोजना उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थी को स्नातक (मानद) की उपाधि दी जाएगी।
- स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष (उच्च शिक्षा का पंचम वर्ष) में अनिवार्य रूप से एक शोध परियोजना करनी होगी जो कि नवम एवं दशम सेमेस्टर में चार-चार क्रेडिट्स की होगी।

### सतत् आंतरिक एवं विश्वविद्यालय द्वारा मूल्यांकन

- मुख्य व माईनर विषयों के केवल थ्योरी पेपर्स में 25 अंक का सतत् आंतरिक मूल्यांकन (CIE) अनिवार्य होगा ।
- प्रयोगात्मक, वोकेशनल/स्किल, को-करीकुलर तथा शोध परियोजना के कोर्सेज में CIE नहीं किया जायेगा तथा विश्वविद्यालय द्वारा इन कोर्सेज की परीक्षा 100 अंको के आधार पर होगी।
- सतत् आंतरिक मूल्यांकन (CIE) के लिए किसी भी प्रकार की केंद्रीयकृत/महाविद्यालय/विश्वविद्यालय स्तरीय मिड टर्म परीक्षायें आयोजित नहीं की जायेंगी । यह एक सतत् प्रक्रिया है ।

## 'डिजिटल नोटिस बोर्ड' के लिए क्यूआर कोड

(इसे वेब ब्राउज़र में स्कैन करें और नोटिस बोर्ड पर जाने के लिए लिंक पर क्लिक करें)

B S A PG College Mathura

WhatsApp channel

# चार वर्षीय स्नातक योजना का सरलीकृत चार्ट




* इसमें अभ्यर्थी को चतुर्थ वर्ष की स्नातक योजना से भिन्न विषय का चयन करना होगा।
# यह केवल उसी विषय के लिए अनुमत है जो अभ्यर्थी ने स्नातक चतुर्थ वर्ष में पढ़ा हो।

# सभी सेमेस्टरों के लिए एनईपी की समग्र योजना

## विभिन्न कक्षाओं में पाठ्यक्रम संरचना

| Course | Sem. | Major Core Subject 1 | Major Core Subject 2 | Minor Subject 3 | Vocational Compulsory | Co-curricular Compulsory | Research Project |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Own Faculty | Own/ Other Faculty | Own/ Other Faculty | VSEC with Summer Internship | Co-curricular AEC | Inter/Intra Faculty related to main subjects |
| **3 Year UG Degree** | | | | | | | |
| **First Year** | | | | | | | |
| B.A./B.Sc./B.Com. (Certificate Course) | 1 | 1 Paper | 1 Paper | 1 Paper | (1 Paper) | (1 Paper) | – |
| | 2 | 1 Paper | 1 Paper | | (1 Paper) | (1 Paper) | – |
| **Second Year** | | | | | | | |
| B.A./B.Sc./B.Com. (Diploma Course) | 3 | 1 Paper | 1 Paper | 1 Paper | (1 Paper) | (1 Paper) | – |
| | 4 | 1 Paper | 1 Paper | | – | (1 Paper) | Research Project |
| **Third Year** | | | | | | | |
| B.A./B.Sc./B.Com. (3 Year UG Degree) | 5 | 2 Papers | 2 Papers | – | – | – | – |
| | 6 | 2 Papers | 2 Papers | | | | |
| **4-Year UG Degree** | | | | | | | |
| **Fourth Year** | | | | | | | |
| Bachelor's (Apprenticeship Embedded) Degree | 12 Months Apprenticeship/Internship through NATs or from equivalent organization/Industry/ Institute 1200 hours | | | | | | |
| **OR** | | | | | | | |
| 4-Year UG Degree (Honours) | 7 | 5 Papers | 5 Papers | – | – | – | – |
| | 8 | 5 Papers | 5 Papers | | – | – | – |
| **OR** | | | | | | | |
| 4-Year UG Degree (Honours with Research /Post-Graduation - Previous Year) | 7 | 4 Papers | 4 Papers | – | – | – | Research Project |
| | 8 | 4 Papers | 4 Papers | | – | – | Research Project |
| **Masters Degree** | | | | | | | |
| M.A./M.Sc./ M.Com. PG Degree | 9 | 4 Papers | 4 Papers | – | – | – | Research Project |
| | 10 | 4 Papers | 4 Papers | | – | – | Research Project |

# UG (स्नातक) व PG (स्नातकोत्तर) पाठ्यक्रमों में ऑन लाइन प्रवेश प्रक्रिया

**(प्रवेश प्रक्रिया में विश्वविद्यालय की नियमावली के अनुसार परिवर्तन संभव है)**

## 1. महाविद्यालय प्रोस्पेक्टस (विवरण पुस्तिका) एवं प्रवेश फार्म प्राप्त करना :

- सर्वप्रथम अभ्यर्थी को विश्वविद्यालय के समर्थ पोर्टल (**https://dbrauadm.samarth.edu.in**) पर जाकर रजिस्ट्रेशन करना होगा।
- महाविद्यालय के किसी भी अनुदानित या स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थियो को महाविद्यालय से प्रोस्पेक्टस प्रशासनिक भवन (ब्लॉक-ए) से प्राप्त करना होगा तथा प्रवेश से संबन्धित नियमों को महाविद्यालय की वेबसाइट (**https://bsapgcollege.ac.in**) तथा प्रोस्पेक्टस को पढ़कर उसका पालन करना होगा।
- अभ्यार्थियों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट (**https://dbrau.ac.in**) से प्रवेश सम्बन्धित नियमों का अध्ययन करना होगा।
- अभ्यर्थी के पास सक्रिय ई-मेल आईडी, मोबाइल नंबर होना अनिवार्य है।

## 2. प्रवेश फार्म भरने की प्रक्रिया :

- समर्थ पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के पश्चात अभ्यर्थी महाविद्यालय की बेवसाइट (**bsapgcollege.ac.in**) पर ऑनलाईन आवेदन पूर्ण करेंगे ।
- अगर प्रवेशार्थी दो या दो से अधिक पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश चाहते हैं, उन्हे प्रत्येक कोर्स के लिए अलग-अलग का महाविद्यालय फार्म भरना होगा।

## 3. चयन की प्रक्रिया :

- महाविद्यालय में प्रवेश विश्वविद्यालय के नियमों के आधार पर किया जायेगा।
- जिसके तहत महाविद्यालय विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाईन भरे गये प्रवेश फार्म के उपरांत व अंतिम तिथि के पश्चात् प्रथम मेरिट लिस्ट जारी करेगा। प्रवेश फार्म ऑनलाईन भरने के पश्चातूं विभिन्न कोर्सों से संबन्धित प्रवेश समिति काउंसलिंग की तिथि निर्धारित कर महाविद्यालय के **नोटिस बोर्ड** पर, **वेबसाइट** (**https://bsapgcollege.ac.in**) पर भी प्रदर्शित की जाएगी एवं **SMS** द्वारा अभ्यर्थी को सूचित किया जायेगा। नियत तिथि पर अभ्यार्थियों को अपने शैक्षणिक आरक्षण, अधिभार से संबन्धित T.C. & C.C. फोटो आदि अभिलेखो के साथ प्रवेश समिति के समक्ष अपने माता/पिता/अभिभावक के साथ उपस्थित होना होगा।
- काउंसलिंग में अभ्यर्थी द्वारा दी गई जानकारियों का सत्यापन करने के पश्चात अभ्यार्थियों के प्रवेश फार्म जमा कर लिए जाएगें।
- जिन अभ्यर्थियों की जानकारी असत्य/भ्रामक पाई जायेगी, उनके विरूद्ध उचित कार्यवाही की जायेगी।

**निर्देश :**

1. मेरिट लिस्ट निर्धारण में अभ्यर्थी मुख्य विषयों का चयन करेगा। अभ्यर्थी का हाईस्कूल एवं इण्टर स्तर पर पूर्णांक के आधार पर अंकन किया जाएगा।
2. द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के तथा परास्नातक द्वितीय वर्ष के छात्रो को पुनः प्रवेश लेना होगा किन्तु वह काउंसलिंग प्रक्रिया में सम्मिलित नहीं होगें। प्रवेश फार्म भरकर संबन्धित विभाग से प्रमाणित करवाने के उपरान्त तथा पिछले वर्ष के अंक पत्र की प्रति के साथ प्रवेश फार्म कार्यालय में जमा कराना होगा।

3. असंवैधानिक अनुचित तरीके से प्रवेश का प्रयास करने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।
4. अभ्यर्थी द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी किसी भी स्तर पर असत्य पाये जाने पर महाविद्यालय द्वारा प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा जिसकी जिम्मेदारी स्वयं छात्र की होगी।

## विश्वविद्यालय द्वारा संशोधित प्रवेश नियमावली के अनुसार शैक्षिक अंको की गणना

**स्नातक कक्षायें :**

1. इण्टरमीडिएट परीक्षा में प्राप्त प्रतिशत अंको का 100 प्रतिशत अंको / ग्रेड दोनो ।

**स्नातकोत्तर कक्षायें :**

1. स्नातक परीक्षा में प्राप्त प्रतिशत अंको को 100 प्रतिशत अंको / ग्रेड दोनो ।

**विधि पाठ्यक्रम के शैक्षिक अंको की गणना निम्नवत् होगी :**

**बी.ए.एल.एल.बी. स्नातक कक्षायें :**

1. हाई स्कूल या समकक्ष परीक्षा में प्राप्त प्रतिशत अंको का 50 प्रतिशत अंको / ग्रेड दोनों।
2. इण्टरमिडिएट परीक्षा में प्राप्त प्रतिशत अंको का 100 प्रतिशत अंको / ग्रेड दोनों|

**एल.एल.बी. विधि स्नातक कक्षायें :**

1. इण्टरमीडिएट परीक्षा में प्राप्त प्रतिशत अंको का 100 प्रतिशत अंको/ग्रेड दोनों|
2. स्नातक परीक्षा में प्राप्त प्रतिशत अंको का 100 प्रतिशत ।

**एल.एल.एम. विधि परास्नातक कक्षायें :**

1. विधि स्नातक परीक्षा में प्राप्त प्रतिशत अंको का 100 प्रतिशत|

**नोट :** विश्वविद्यालय द्वारा संचालित प्री-यूनिवर्सिटी, प्री-इंजीनियरिंग, प्री मेडीकल तथा 11+1+3 पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष की परीक्षा हायर सैकण्ड्री बोर्ड की 10+2 परीक्षा भी इण्टरमीडिएट परीक्षा के समकक्ष मान्य है|

## अतिरिक्त अंक

**अतिरिक्त अंक (अधिकतम 17 अंक)**

शैक्षिक योग्यता अंको के साथ निम्नलिखित अंको, जहाँ अनुमन्य हो, को जोड़कर योग्यता सूची बनेगी, लेकिन प्रतिबन्ध यह है कि अतिरिक्त अंको का कुलयोग **17 अंक से अधिक नहीं होगा**।

**(क) स्नातक कक्षायें :**

| | |
|---|---|
| 1. उत्तर क्षेत्रिय स्तर की टीम के सदस्य के रूप में राज्यस्तरीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए | |
| (क) प्रथम विजेता होने के लिए | 5 अंक |
| (ख) द्वितीय विजेता होने के लिए | 4 अंक |
| (ग) तृतीय विजेता होने के लिए | 3 अंक |
| (घ) प्रतिभाग करने के लिए | 2 अंक |
| 2. एन.सी.सी. "सी" सर्टीफिकेट/जी-2 उत्तीर्ण कैडिटो को | 8 अंक |

अथवा

एन.सी.सी. " बी" सर्टीफिकेट/जी-1 उत्तीर्ण कैडिटो को — 6 अंक

अथवा

एन.सी.सी. कैडिटो को जिन्होने 240 घंटे कार्य किया है 2 कैम्पो में भाग लिया है लेकिन कोई परीक्षा उत्तीर्ण नही की है — 3 अंक

3. स्वतंत्रता सेनानी पुत्र/पुत्री (अविवाहित अथवा पौत्र/पौत्री) — 5 अंक
4. राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वंय सेवको को — 5 अंक
5. बी. कॉम. (प्रथम वर्ष) में प्रवेश के लिए योग्यता अंक की गणना करते समय उन प्रवेशार्थियों को अतिरिक्त अंक दिये जाये, जिन्होने इण्टरमिडिएट या 10 + 2 की परीक्षा वाणिज्य (गैर वॉकेशनल) से उत्तीर्ण की हो। — 5 अंक

**(ख) स्नातकोत्तर कक्षायें :**

1. विश्वविद्यालय की टीम के सदस्य के रूप में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए :
   (क) प्रतियोगिता में प्रथम विजेता होने के लिए — 8 अंक
   (ख) प्रतियोगिता में द्वितीय विजेता होने के लिए — 7 अंक
   (ग) प्रतियोगिता में तृतीय विजेता होने के लिए — 6 अंक
   (घ) प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए — 3 अंक
2. विश्वविद्यालय की टीम के सदस्य के रूप में अन्तर्विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए :
   (क) प्रतियोगिता में प्रथम विजेता होने के लिए — 5 अंक
   (ख) प्रतियोगिता में द्वितीय विजेता होने के लिए — 4 अंक
   (ग) प्रतियोगिता में तृतीय विजेता होने के लिए — 3 अंक
   (घ) प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए — 2 अंक
3. एन.सी.सी. "सी" सर्टीफिकेट / जी-2 उत्तीर्ण कैडिटो को — 8 अंक

   अथवा

   एन.सी.सी. "बी" सर्टीफिकेट / जी-1 प्रमाण पत्र धारक कैडिटो को — 6 अंक

   अथवा

   एन.सी.सी. कैडिट जिन्होने 240 घंटे कार्य किया है और 2 कैम्पों में भाग लिया है लेकिन कोई परीक्षा उत्तीर्ण नही की है — 3 अंक
4. एन.एस.एस. में 240 घंटे कार्य तथा कम से कम 1 कैम्प पूरा करने के लिए — 5 अंक
5. महाविद्यालय स्तर पर रोवर्स रेंजर्स के सदस्य को जिसने एक रैली में विश्वविद्यालय स्तर पर भाग लिया हो — 3 अंक

   अथवा

   महाविद्यालय स्तर पर रोवर्स रेंजर्स के सदस्य को जिसने अन्तर्विश्वविद्यालय रैली में भाग लिया हो
   (क) प्रथम विजेता होने के लिए — 5 अंक
   (ख) द्वितीय विजेता होने के लिए — 4 अंक
   (ग) तृतीय विजेता होने के लिए — 3 अंक
   (घ) प्रतिभाग करने के लिए — 2 अंक

**नोट :** उपर्युक्त 1 से 5 के सन्दर्भ में शासन के खेलकूद अधिकारी द्वारा दिया हुआ प्रमाण- पत्र अथवा विश्वविद्यालय खेलकूद अधिकारी स्पोर्ट्स काउन्सिल कमेटी के अध्यक्ष द्वारा प्रति हस्ताक्षरित / एन.सी.सी. अधिकारी / एन.एस.एस समन्वयक द्वारा निर्गत किया हुआ प्रमाण पत्र / रोवर्स के लिए समन्वयक (रोवर्स रेंजर्स) द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।

**(ग) सभी कक्षायें :**

1. डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय और उससे सम्बद्ध महाविद्यालयों में सेवारत एवं स्ववित्त पोषित संस्थान के विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित अनुबंधित प्रवक्ता तथा अवकाश प्राप्त केवल स्थायी/अध्यापकों एवं कर्मचारियों के पति/पत्नी/पुत्र/पुत्री तथा कृषि संकाय में स्थायी परियोजनाओं के स्थायी कर्मचारियों के पति/पत्नी/पुत्र/पुत्री — 17 अंक
2. भारतीय सेना में सेवारत अथवा अवकाश प्राप्त अधिकारियों या अन्य रैंक के केवल पति-पत्नि / पुत्र-पुत्री (अविवाहित) — 10 अंक
3. भारतीय सेना / पैरा मिलट्री फोर्स / अर्द्ध सेनिक बल (पुलिस/पी०एस०सी०) में कार्य करते हुए विजय के शहीदों के पुत्र/पुत्री/विधवाओं को प्रवेश में — 17 अंक

**टिप्पणी :**

1. प्रत्येक अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र में शैक्षणिक एवं अतिरिक्त अनुमन्य अंको की प्रमाणिकता की घोषणा स्वयं करेगा यदि वह यह घोषणा गलत पायी गई तो उसकी पात्रता निरस्त कर दी जायेगी ।
2. प्रवेश हेतु **वरीयता सूची के घोषित होने के बाद अनुमन्य अंको के प्रमाण पत्र स्वीकार नहीं किये जायेगें**। अन्य कोई अभिलेख बाद में विचारार्थ स्वीकार नहीं होगा ।

**नोट :**

1. किसी व्यक्ति की सेवानिवृत्त से पूर्व मृत्यु होने कि दशा में इस नियम के अन्तर्गत उसको उस समय तक सेवारत समझा जाये, तब तक सेवा में रहने का अधिकारी था ।
2. उपर्युक्त 1 से 3 के सन्दर्भ में शासन के खेलकूद अधिकारी द्वारा दिया हुआ प्रमाण - पत्र अथवा विश्वविद्यालय खेलकूद अधिकारी स्पोर्ट्स काउन्सिल कमेटी के अध्यक्ष द्वारा प्रति हस्ताक्षरित/एन.सी.सी. अधिकारी/एन.एस.एस. अधिकारियों द्वारा निर्गत किया हुआ प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।
3. उपर्युक्त अतिरिक्त अंकों का लाभ अभ्यर्थी को एक से अधिक बार दिया जा सकेगा अर्थात् स्नातक एवं परास्नातक स्तर में प्रवेश पर।

## ‘डिजिटल नोटिस बोर्ड’ के लिए क्यूआर कोड

(इसे वेब ब्राउज़र में स्कैन करें और नोटिस बोर्ड पर जाने के लिए लिंक पर क्लिक करें)

B S A PG College Mathura

WhatsApp channel

# प्रवेश समिति

| संयोजक | पाठ्यक्रम/समूह |
| --- | --- |
| Prof. (Dr.) S. K. Singh | B.A. |
| Prof. (Dr.) Khushvant Singh | B.Sc. (PCM) |
| Prof. (Dr.) S. K. Rai | LL.B. |
| Prof. (Dr.) S. K. Kataria | B.Sc. (ZBC & Ind. Microbiology) |
| Prof. (Dr.) Vidyottma | B.Sc. (Ind. Chemistry) |
| Prof. (Dr.) Uma Rani | B.Sc. (Computer Science & Statistics) |
| Dr. V. P. Rai | B.A.LL.B. |
| Dr. B. K. Goswami | B.Ed. |
| Dr. U. K. Tripathi | B.Com. |
| Dr. Sangharsh Rathore | B.B.A. & B.E.-Com. |
| Dr. Sanjay Kumar | B.C.A. |
| Mr. Anand Tripathi | Journalism |
| Dr. Kiran Chaudhary | B.Lib. & I.Sc. |
| Dr. Nirendra & Dr. Rashmi Agrawal | Certificate Courses (PGD CP, PGD CA & OM, PGD BM) |

**नोटः** स्नातकोत्तर कार्यक्रम में प्रवेश संबंधित विभागाध्यक्ष द्वारा किया जाएगा।

## 'डिजिटल नोटिस बोर्ड' के लिए क्यूआर कोड

(इसे वेब ब्राउज़र में स्कैन करें और नोटिस बोर्ड पर जाने के लिए लिंक पर क्लिक करें)

B S A PG College Mathura

WhatsApp channel

# महाविद्यालय द्वारा प्रदत्त सुविधाएं

**"युवा वही होता है, जिसके हाथों में शक्ति, पैरों में गति, ह्रदय में ऊर्जा और आंखों में सपने होते हैं।"**

*............स्वामी विवेकानंद*

## अनुसंधान

निम्नलिखित विषयों में शोध सुविधाएं उपलब्ध हैं और छात्र विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार पीएचडी कार्यक्रम के लिए डॉ. बी.आर. अंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा में अपना पंजीकरण करा सकते हैं।
**क्षेत्रः** भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, सांख्यिकी, वनस्पति विज्ञान, प्राणीशास्त्र, संस्कृत, समाजशास्त्र।

## पुस्तकालय

### केन्द्रीय पुस्तकालय

कॉलेज में 80,000 से अधिक पुस्तकों और डिजिटल सेटअप के साथ एक केंद्रीय पुस्तकालय है। छात्रों को अनुमति के साथ ई-लाइब्रेरी पुस्तक का उपयोग करने की सुविधा भी है। पुस्तकालय यूजीसी के INFLIBNET और DELNET कार्यक्रमों से अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में छात्र INFLIBNET और DELNET सुविधाओं का उपयोग कर सकते हैं और वे विभिन्न विषयों में हजारों शोध पत्रिकाओं के माध्यम से भी खोज कर सकते हैं।

### पुस्तक-निर्गम

- पुस्तकालय में पुस्तकों का अच्छा संग्रह है। इनमें से कुछ पुस्तकें (पुस्तकालय समिति द्वारा चयनित) विद्यार्थियों को जारी की जा सकती हैं। संदर्भ पुस्तकें घर ले जाने के लिए जारी नहीं की जाएंगी।
- एक बार में केवल एक पुस्तक (संबंधित विभागाध्यक्ष/प्रधानाचार्य की अनुमति से अधिकतम 2) 20 दिनों के लिए जारी की जाएंगी।
- किसी भी पुस्तक को प्राचार्य/संबंधित विभाग के प्रभारी/पुस्तकालयाध्यक्ष के विवेक पर कभी भी वापस मंगाया जा सकता है।
- यदि उधारकर्ता पुस्तक जारी होने की तिथि से 20 दिनों के भीतर पुस्तक वापस नहीं करता है, तो प्रतिदिन 1 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।
- यदि जारी की गई पुस्तक किसी भी तरह से क्षतिग्रस्त हो जाती है, तो उसे वापस नहीं किया जाएगा। छात्र को जुर्माने के साथ पुस्तक की कीमत भी चुकानी होगी। छात्र इसके बदले उसी पुस्तक का नया संस्करण भी जमा कर सकते हैं। इसलिए छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे पुस्तक जारी होने के समय उसकी स्थिति की जांच कर लें।
- पुस्तकालय का सारा जुर्माना कॉलेज के शुल्क काउंटर पर जमा किया जाएगा।
- छात्रों को कॉलेज लाइब्रेरी से जारी की गई सभी किताबें विश्वविद्यालय सेमेस्टर परीक्षा से पहले वापस करनी होंगी। ऐसा न करने पर उन्हें यूनिवर्सिटी की परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### पुस्तक-बैंक

- केंद्रीय पुस्तकालय में एक अलग अनुभाग है, जिसे 'पुस्तक-बैंक' कहा जाता है, जिसका उद्देश्य गरीब छात्रों की मदद करना है। कॉलेज में एक समृद्ध पुस्तक-बैंक है। कोई भी छात्र/शिक्षक/संगठन 'पुस्तक बैंक' को संबंधित पुस्तकें दान कर सकता है। 'पुस्तक बैंक' की पुस्तकें केवल गरीब छात्रों को ही दी जाएंगी।
- पुस्तकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी छात्रों की होगी। यदि पुस्तकें खो जाती हैं या पृष्ठ फट जाते हैं, तो छात्र को पुस्तक की पूरी कीमत वहन करनी होगी।

- छात्रों को एक पूरे सत्र के लिए पुस्तकें जारी की जाएंगी (अर्थात 20 दिन की कोई सीमा नहीं है)। हालांकि, जब परीक्षाएं समाप्त हो जाती हैं, तो छात्र को पुस्तकें वापस करनी होंगी, अन्यथा, कॉलेज द्वारा उनका परिणाम रोक लिया जाएगा।
- पुस्तकों की कीमत का 10% छात्रों से जारी करते समय वसूला जाएगा, जो वापस नहीं किया जाएगा।
- सत्र के बीच में पुस्तकों का आदान-प्रदान किया जा सकता है।
- पुस्तकें जारी करने के लिए संबंधित विभाग के प्रभारी की संस्तुति आवश्यक है।

### पुस्तकालय के अन्य नियम

- पुस्तकें केवल महाविद्यालय के शिक्षकों एवं नियमित विद्यार्थियों को ही जारी की जाएंगी।
- केवल वही पुस्तकें जारी की जाएंगी, जिनका मूल्य 800.00 रुपये से कम हो तथा जिनकी एक से अधिक प्रतियां पुस्तकालय में उपलब्ध हों।
- शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को केवल उनके संबंधित विषय की पुस्तकें जारी की जाएंगी। पत्रिकाएं एवं समाचार पत्र जारी नहीं किए जाएंगे।
- संदर्भ कक्ष में बैग, पर्स आदि ले जाने की अनुमति नहीं है।
- विद्यार्थियों को पुस्तकालय में पूर्ण शांति एवं स्वच्छता बनाए रखना आवश्यक है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

एनएसएस का आदर्श वाक्य '**मैं नहीं, आप**' है, जो यह स्पष्ट करता है कि उपयोगी जीवन में समाज को स्वयं से ऊपर रखना शामिल है। चूंकि किसी व्यक्ति का कल्याण अंततः पूरे समाज के कल्याण पर निर्भर करता है, इसलिए व्यक्ति को अपने व्यक्तिगत हित को सभी के हित के साथ जोड़ना चाहिए। यह लोकतांत्रिक जीवन का सार व्यक्त करता है और निस्वार्थ सेवा की आवश्यकता को बनाए रखता है।

बी.एस.ए. (पी.जी.) कॉलेज, मथुरा के एनएसएस स्वयंसेवकों ने कई कल्याणकारी उपायों में उल्लेखनीय उत्साह दिखाया है। इस योजना के प्रमुख उद्देश्य हैं:

- अशिक्षा, दहेज, अंधविश्वास आदि के खिलाफ जागरूकता अभियान को बढ़ावा देना।
- समुदाय की जरूरतों और समस्याओं की पहचान करना और समस्या समाधान में खुद को शामिल करना।
- संवेदनशील मुद्दों के प्रति नेतृत्व के गुण और समग्र दृष्टिकोण प्राप्त करना।
- सांप्रदायिक सद्भाव और सांस्कृतिक एकीकरण सुनिश्चित करने के लिए समूह में रहना और जिम्मेदारी साझा करना।
- भूकंप, बाढ़, बड़ी दुर्घटनाओं आदि जैसी आपातकालीन स्थितियों में सामुदायिक भागीदारी को संगठित करने में कौशल प्राप्त करना।
- उनकी जयंती मनाकर महान व्यक्तित्वों के जीवन से प्रेरणा लेना।
- राष्ट्रीय एकता, साहसिक शिविर, सम्मेलन, कार्यशालाओं में भाग लेना।
- गणतंत्र दिवस समारोह।
- मतदाताओं को चुनाव में सक्रिय भागीदारी के लिए शिक्षित करना।
- स्वच्छता और पर्यावरण अभियान शुरू करना।

## राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी)

राष्ट्रीय कैडेट कोर एक त्रि-सेवा संगठन है, जिसमें सेना, नौसेना, वायु सेना शामिल है, जो देश के युवाओं को अनुशासित और देशभक्त नागरिक बनाने में लगा हुआ है।

